<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–12.04.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

## मुख्य समाचार

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रामगढ़ में चुनाव वॉलेंटियर के साथ किया संवाद, चुनाव की निष्पक्षता पर दिया बल, कहा–ईवीएम पूरी तरह टैम्पर प्रूफ।
- राज्यपाल देवघर में कई कार्यक्रमों में हुए शामिल, कहा–विकास के माध्यम से देवघर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर दिलाया जा सकता है विशिष्ट स्थान।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो सुरक्षा बल गंभीर रूप से घायल, लातेहार से नक्सली संगठन टीपीसी के दो सब जोनल कमांडर सहित छह नक्सली गिरफ्तार।
- ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी सिमडेगा की टीम बनी चैंपियन, भारत पेट्रोलियम मुम्बई की टीम को तीन के मुकाबले चार गोल से किया पराजित।
- राज्य में मौसम का उतार चढ़ाव जारी, आगामी 18 अप्रैल तक राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान।

## अब समाचार विस्तार से

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज रामगढ़ जिले के रजरप्पा में चुनाव वॉलेंटियर के साथ संवाद किया और चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका की सराहना की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता दोहरायी।

मुख्य चुनाव आयुक्त कल रांची क नजदीक दशम जलप्रपात में भौगोलिक रूप से कठिन और दुर्गम इलाकों में काम करने वाले बीएलओ के साथ संवाद करेंगे और उन्हें सम्मानित भी करेंगे।

**************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज देवघर में 'श्री मंगलधाम' के भूमि पूजन समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि देवघर केवल एक धार्मिक तीर्थ नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और आध्यात्म की दिव्य भूमि है। उन्होंने विश्वास जताया कि आधारभूत संरचना के सशक्त विकास के माध्यम से देवघर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी विशिष्ट स्थान दिलाया जा सकता है।

**************************

रांची में आज राज्यस्तरीय जनसेवक समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में जनसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसेवकों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

**************************

भाजपा की ओर से इस बार अम्बेदकर जयंती को बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारी है। इस सिलसिले में रांची में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें कल से शुरू होनेवाले अम्बेदकर सम्मान अभियान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में अन्य लोगों के अलावा पूर्व मंत्री सीपी सिंह और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल थे।

**********************

युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की रांची में आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक मे राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूकता फैलाने का भी निर्णय लिया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि बाबा साहब भीम राव अम्बेदकर की जयंती पर पार्टी की ओर से मानव शृंखला बनाया जाएगी।

**********************

पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नेत्री नीरू शांति भगत समेत आजसू पार्टी के कई सदस्यों ने आज झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने उन्हें सदस्यता दिलायी।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थानाक्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षा बल के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल सुरक्षा बलों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है। लातेहार पुलिस ने नक्सली संगठन टीपीसी के दो सब जोनल कमांडर समेत छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

**********************

देवघर के साइबर पुलिस ने जिले के करौं, पालोजोरी, पत्थरडा, सारवां, जसीडीह और मारगोमुंडा थाना क्षेत्र के अलग–अलग गावों में छापेमारी कर अठारह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उधर जामताड़ा पुलिस ने नारायणपुर थानाक्षेत्र के लोकानियां गांव से साइबर अपराध में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**********************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की प्रमुख पहल विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का आयोजन मई के पहले सप्ताह में मुम्बई में होगा। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि वेव्स मनोरंजन क्षेत्र को शिखर पर ले जाएगा।

**********************

बिलासपुर में आयोजित ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी सिमडेगा की टीम चैंपियन बनी। आज खेले गये फाइनल मैच में सिमडेगा की टीम ने भारत पेट्रोलियम मुंबई की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में तीन के मुकाबले चार गोल से पराजित किया।

**********************

राजधानी रांची समेत देशभर में आज हनुमान जन्मोत्सव धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। गुमला के आंजनधाम समेत प्रमुख हनुमान मंदिरों में सवेरे से बड़ी संख्या भक्तों की लंबी कतार देखी गयी।

**********************

मसीही समुदाय के लोग कल खजूर पर्व पाम संडे मनाएंगे। इस दौरान विश्वासी खजूर की डालियों के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे और गिरजाघरों में विशेष आराधना भी होगी। गौरतलब है प्रभु यीशु मसीह के जेरूसलम में प्रवेश की स्मृति में पाम संडे मनाया जाता है, जब लोगों ने खजूर की डालियां लहराकर प्रभु यीशु का स्वागत किया था।

**********************

राज्य में मौसम का उतार चढ़ाव जारी है। आगामी 18 अप्रैल तक राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है।

*********समाप्त*********